भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2541

दिनांक 22.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

महाराष्ट्र को धनराशि का आबंटन

2541. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री कृपाल बालाजी तुमाने:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र जल जीवन मिशन (जेजेएम) के कार्यान्वयन के लिए केन्द्र सरकार के साथ समन्वय कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के आरम्भ से लेकर अब तक इसके अंतर्गत महाराष्ट्र को आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर को पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने के संबंध में महाराष्ट्र का स्थान क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): जी हां। जेजेएम के शुभारंभ के बाद से अर्थात अगस्त 2019 से, भारत सरकार राज्यों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि 2024 तक महाराष्ट्र के परिवारों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, महाराष्ट्र में 48.44 लाख (33.21%) ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन होने की सूचना दी गई थी। तब से, राज्य में अतिरिक्त 56.98 लाख ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। 18.12.2022 तक, महाराष्ट्र में कुल 145.87 लाख ग्रामीण परिवारों में से, 105.42 लाख (72.27%) परिवारों में नल जल आपूर्ति उपलब्ध कराई गई है।

(ख): वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के दौरान जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत महाराष्ट्र के लिए आवंटित, जारी और उसके बाद उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	केन्द्रीय हिस्सा					राज्य के हिस्से के तहत व्यय
	अथशेष	बजट आबटंन	राज्य द्वारा आहरित निधि	कुल उपलब्ध निधि	सूचित उपयोग	
2019-20	248.12	847.97	345.28	593.40	308.04	428.14
2020-21	285.35	1,828.92	457.23	742.58	473.59	324.16
2021-22	268.99	7,064.41	1,666.64	1,935.63	381.65	477.98
2022-23*	1,557.65	7,831.25	एनडी	1,557.65	823.00	852.54

*18.12.2022 की स्थिति के अनुसार एनडी- आहरित नहीं

(ग): 18.12.2022 तक, महाराष्ट्र को नल जल आपूर्ति वाले परिवारों के कवरेज के मामले में 13वें स्थान पर रखा गया है।

*****